11140 / D-9 / उपराल

14.5.2019

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी,
संयुक्त कार्यालय कृते जिलाधिकारी,
रामपुर।

विषयः ग्राम भमरौआ, तहसील सदर, जनपद रामपुर के गाटा सं0 31, पर मैसर्स इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, बरेली के किसान सेवा केन्द्र रिटेल आउटलैट (पेट्रोल पम्प) के स्थापनार्थ चाही गयी आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने पत्रांक 636/न्याय सहायक–द्वितीय दिनांक 09.02.2019 का संदर्भ लेनें का कष्ट करें। उक्त सम्बंध में आपको अवगत कराना है कि प्रस्तावित स्थल ग्राम भमरौआ, तहसील सदर, जनपद रामपुर के गाटा सं0 31, पर मैसर्स इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, बरेली के किसान सेवा केन्द्र रिटेल आउटलैट (पेट्रोल पम्प) की स्थापना हेतु आख्या चाही गयी है, के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दिनांक 28.04.2019 को स्थलीय निरीक्षण कराया गया। आख्यानुसार रिटेल आउटलैट (पेट्रोल पम्प) को जिला प्रशासन से जारी की जाने वाली अनापत्ति प्रमाण पत्र पर पर्यावरणीय दृष्टिकोण से निम्नलिखित शर्तें अधिरोपित किया जाना उचित होगाः–

1. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) में भण्डारण से किसी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जाएगा।
2. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) में डी.जी. सेट के एकास्टिक एन्कलोजर एवं एग्जास्ट की चिमनी की ऊंचाई पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में अधिसूचित मानकों के अनुरुप सुनिश्चित की जाए।

आख्या आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

(अजय शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

संलग्नक--उपरोक्तानुसार।

कुमार विभाष
वरिष्ठ प्रबंधक (रिटेल सेल्स)
इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (एम.डी.)
बरेली मंडल कार्यालय
35–ए, सिविल लाईन्स, कमला नेहरू मार्ग,
बरेली–243001 (उ0प्र0)

राजीव कुमार
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
रामपुर

(52)

Scanned with CamScanner

प्रभारी अधिकारी, संयुक्त कार्यालय कृते जिलाधिकारी, रामपुर के पत्रांक 636/न्याय सहायक–द्वितीय दिनांक 09.02.2019 के संदर्भ में ग्राम भमरौआ, तहसील सदर, जनपद रामपुर के गाटा सं0 31, पर मैसर्स इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, बरेली के किसान सेवा केन्द्र रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) की स्थापनार्थ चाही गयी आख्या के सम्बन्ध में –

उपरोक्त संदर्भित स्थल का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 28.04.2019 को किया गया। निरीक्षण के समय श्री दिनेश गौतम पुत्र श्री धर्मपाल सिंह प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान निम्न तथ्य प्रकाश में आये–

1. प्रस्तावित स्थल पर इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, बरेली के किसान सेवा केन्द्र रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
2. उक्त प्रस्तावित स्थल के दक्षिण दिशा में ग्राम भमरौआ दूरी लगभग 400 मीटर व रामपुर–केमरी रोड, पश्चिम दिशा में ग्राम पहाड़ी, दूरी लगभग 500 मीटर, पूरब–दक्षिण दिशा में ग्राम भमरौआ मझारा दूरी लगभग 200 मीटर स्थित है।
3. प्रस्तावित स्थल रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उपयुक्त प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित पेट्रोल पम्प को जिला प्रशासन से जारी की जाने वाली अनापत्ति प्रमाण पत्र पर पर्यावरणीय दृष्टिकोण से निम्नलिखित शर्तें अधिरोपित किया जाना उचित होगा:–

1. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) में भण्डारण से किसी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जाएगा।
2. प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) में डी.जी. सेट के एकास्टिक एन्क्लोजर एवं एग्जास्ट की चिमनी की ऊंचाई पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में अधिसूचित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए।

उपरोक्तानुसार आख्या आपके अवलोकनार्थ, अनुमोदनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत है।

(राजीव कुमार)
अनु0सहा0

सहा0वैज्ञा0अधि0 / क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

राजीव कुमार
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
रामपुर

1.5.19

कुमार विभाष
वरिष्ठ प्रबंधक (रिटेल सेल्स)
इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (एम.डी.)
बरेली मंडल कार्यालय
35–ए, सिविल लाईन्स, कमला नेहरू मार्ग,
बरेली–243001 (उ0प्र0)



Scanned with CamScanner